# बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

**BIHAR UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES**

मीठापुर, पटना–800 001 (बिहार

**Tel-0612-2356912, 9471440749, website-www.buhs.ac.in**

**Email-studenthelpdesk.buhs@gmail.com**


सूचना सं0– परीक्षा–II–5032 / 2026– 1601 दिनांक 11/08/26

## पंजीयन संबंधी आवश्यक सूचना

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से सत्र–2024–25 में सभी संबद्ध सरकारी एवं गैर–सरकारी नर्सिंग, फार्मेसी एवं पारामेडिकल महाविद्यालयों / संस्थानों एवं उनमें अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024–25 में **ए0एन0एम0, जी0एन0एम0, पारामेडिकल डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स तथा फार्मेसी डिप्लोमा कोर्स** में नामांकित छात्र / छात्राओं का पंजीयन प्रपत्र ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भरा जाएगा। जिसकी विवरणी निम्नवत है–

- **ऑनलाईन पंजीयन प्रपत्र भरने की तिथि–11.08.2026 से 25.08.2026 तक**
- विश्वविद्यालय के कार्यालय में पंजीयन प्रपत्र की हस्ताक्षरित मूल प्रति सभी अनुलग्नकों के साथ जमा करने की अंतिम तिथि–28.08.2026.
- पंजीयन प्रपत्र भरने हेतु लिंक–*https://buhsparadiploma.in/register*
- पंजीयन प्रपत्र छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन भरा जायेगा तथा संबंधित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य द्वारा पंजीयन प्रपत्र को हस्ताक्षरित करने के उपरांत निम्नांकित कागजातों के साथ विश्वविद्यालय के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक अचूक रूप से समर्पित किया जाएगा :–
    - मूल प्रवजन प्रमाण पत्र (Original Migration Certificate) I
    - 10वीं की मूल प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र की छायाप्रति।
    - 12वीं की मूल प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र की छायाप्रति।
    - जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति (यदि लागू हो तो)।
    - महाविद्यालय / विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र (CLC/SLC) की छायाप्रति ।
    - आधार कार्ड की अभिप्रमाणित छायाप्रति
    - पंजीयन शुल्क की जमा की गयी रसीद की कॉपी
- पंजीयन प्रपत्र छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन करते समय मूल प्रमाण पत्रों से ही स्कैन कर कलर डॉक्यूमेंट ही अपलोड किया जाए।

पंजीयन भुल्क की विवरणी इस प्रकार है:–

| Sl. No. | Particulars | Fees (in INR) |
|---|---|---|
| 1 | Registration Fees | 2500.00<br>Rs. Two Thousand Five Hundred Only |

सभी महाविद्यालयों / संस्थानों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि के अन्दर सभी छात्र / छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन प्रपत्र भरने के उपरांत अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे, निर्धारित समय सीमा के अन्दर पंजीयन प्रपत्र नहीं भरने की स्थिति में इसकी सारी जबाबदेही संबंधित महाविद्यालयों / संस्थानों / छात्र–छात्राओं की होगी।

11/08/2026

परीक्षा नियंत्रक

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना।